भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 1839

दिनांक 29.07.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओडिशा में नल से जल संबंधी कनेक्शन

1839. श्री भर्तृहरि महताब:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चालू वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सरकार का 'जल जीवन' अभियान (जेजेएम) के अंतर्गत प्रत्येक घर में नल से स्वच्छ जल प्रदान करने के उद्देश्य से ओडिशा के बजट अनुदान में वृद्धि करने का विचार है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और चालू वित्त वर्ष के दौरान इस हेतु कितना बजट आबंटित किया गया है;

(ग) क्या सरकार का ओडिशा को मार्च, 2024 तक प्रत्येक घर को नल से जलापूर्ति प्रदान करने का उसका लक्ष्य प्राप्त करने में सहायता करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने का विचार है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) 'जल जीवन' अभियान (जेजेएम) की शुरूआत से लेकर अब तक, इसके अंतर्गत ओडिशा में जिले-वार कितने घरों को नल से जल संबंधी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं और उनका ब्यौरा क्या है; और

(च) जेजेएम के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष के दौरान अनुमानत: कितने घरों को नल से जल संबंधी कनेक्शन प्रदान किए जाने की संभावना है?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) से (घ): जल जीवन मिशन (जेजेएम) की शुरूआत से जेजेएम के तहत ओडिशा के लिए 2019-20 में 364.74 करोड़ रुपए, 2020-21 में 812.15 करोड़ रुपए और 2021-22 में 3,323.42 करोड़ रुपए केंद्रीय अनुदान के रूप में आबंटित किए गए हैं। 2020-21 की तुलना में, चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत सरकार ने ओडिशा के लिए केंद्रीय आबंटन को चार गुना बढ़ा दिया है। जेजेएम के तहत, भारत सरकार वर्ष 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए नल जल आपूर्ति की व्यवस्था करने हेतु ओडिशा सहित सभी राज्यों को अनुमोदित निधि आबंटन मापदंड के अनुसार, वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

(ङ) 15 अगस्त, 2019 की स्थिति के अनुसार, जल जीवन मिशन के शुभारम्भ के समय, ओडिशा में 85.67 लाख ग्रामीण परिवारों में से केवल 3.11 लाख परिवारों (3.63%) के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से 23.69 लाख परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, इस प्रकार नल जल आपूर्ति वाले परिवारों की संख्या बढ़कर 26.80 लाख परिवारों (31.29%) पर पहुँच गई है। नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए परिवारों के वर्ष और जिला-वार ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं।

(च): वर्ष 2021-22 में ओडिशा ने 22.11 लाख परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने की योजना बनाई है।

***

अनुबंध

दिनांक 29.07.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1839 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

ओडिशा में नल के पानी के कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवारों (एचएच) का वर्ष और जिले-वार विवरण

(संख्या लाख में)

क्र.सं.	जिले	कुल एचएच	नल कनेक्शन वाले कुल एचएच (15.08.2019 तक)	नल कनेक्शन दिए गए एचएच की संख्या			नल कनेक्शन वाले कुल एचएच (23.07.2021 तक)
				2019-20	2020-21	2021-22 (आज की तारीख तक)	
1.	अंगुल	2.68	0.10	0.34	0.76	0.09	1.29
2.	बलांगीर	3.70	0.01	0.19	0.58	0.11	0.89
3.	बालासोर	5.68	0.31	0.48	1.01	0.19	1.99
4.	बारगढ़	3.41	0.08	0.04	0.30	0.26	0.67
5.	भद्रक	2.93	0.13	0.19	1.10	0.16	1.59
6.	बौध	1.04	0.00	0.02	0.15	0.06	0.23
7.	कटक	4.48	0.05	0.18	0.88	0.15	1.26
8.	देबगढ़	0.74	0.02	0.04	0.13	0.04	0.24
9.	ढेंकनाल	2.70	0.13	0.18	0.66	0.11	1.09
10.	गजपति	1.28	0.07	0.04	0.21	0.03	0.35
11.	गंजम	6.37	0.53	0.54	1.27	0.29	2.63
12.	जगतसिंहपुर	2.58	0.55	0.06	0.37	0.05	1.03
13.	जाजपुर	4.40	0.01	0.56	0.52	0.12	1.20
14.	झारसुगुडा	0.94	0.01	0.02	0.13	0.09	0.24
15.	कालाहांडी	3.95	0.04	0.09	0.52	0.13	0.77
16.	कंधमाल	1.59	0.03	0.02	0.26	0.08	0.40
17.	केंद्रपाड़ा	3.01	0.26	0.07	0.56	0.17	1.06
18.	केंदुझार	3.43	0.05	0.24	0.68	0.35	1.31
19.	खुर्दा	2.73	0.21	0.07	0.59	0.13	0.99
20.	कोरापुट	3.10	0.07	0.11	0.43	0.19	0.80
21.	मल्कानगिरी	1.24	0.02	0.02	0.14	0.04	0.22
22.	मयूरभंजी	5.53	0.22	0.19	0.70	0.17	1.28
23.	नबरंगपुर	2.53	0.03	0.11	0.37	0.23	0.73
24.	नयागढ़	2.55	0.03	0.10	0.18	0.09	0.41
25.	नुआपाड़ा	1.41	0.00	0.06	0.91	0.07	1.05
26.	पुरी	3.22	0.02	0.17	0.93	0.11	1.23
27.	रायगढ़	2.22	0.03	0.09	0.29	0.07	0.48
28.	संबलपुर	1.65	0.04	0.04	0.18	0.05	0.31
29.	सुबर्णापुर	1.49	0.03	0.05	0.25	0.11	0.44
30.	सुंदरगढ़	3.11	0.04	0.04	0.43	0.11	0.61
कुल		**85.67**	**3.11**	**4.37**	**15.47**	**3.85**	**26.80**

(स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस)